**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 578**
**उत्तर देने की तारीख : 28.11.2024**

## अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यम

578. **श्री शफी परम्बिल:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उद्यम सहायता मंच के माध्यम से प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए औपचारिक दायरे में लाए गए अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ख) उन अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) की संख्या संबंधी आंकड़े क्या हैं जिन्हें इस मंच से जुड़ने के पश्चात प्राथमिकता क्षेत्र ऋण का लाभ मिला है?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

(क) और (ख) : दिनांक 25 नवंबर, 2024 तक, उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) पर पंजीकरण के माध्यम से प्राथमिकता वाले क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋण (पीएसएल) के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु औपचारिक दायरे में लाए गए अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है। एमएसएमई मंत्रालय की दिनांक 20 मार्च, 2023 की राजपत्र अधिसूचना स.आ.1296(ई) के अनुसार प्राथमिकता क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋण (पीएसएल) का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य के लिए आईएमई को यूएपी पर जारी किए गए प्रमाण-पत्र को उद्यम पंजीकरण प्रमाण-पत्र के समतुल्य माना जाएगा। भारतीय लघु उद्योग बैंक (सिडबी) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्राथमिकता क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋण का लाभ पाने वाले आईएमई का डेटा केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

*****

**अनुबंध**

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 578, जिसका उत्तर दिनांक 28.11.2024 को दिया जाना है, के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| दिनांक 20.11.2024 तक उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार नाम | यूएपी पर पंजीकृत आईएमई की संख्या |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2,773 |
| 2 | आंध्रप्रदेश | 14,19,825 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 10,697 |
| 4 | असम | 2,92,346 |
| 5 | बिहार | 17,76,666 |
| 6 | चंडीगढ़ | 12,738 |
| 7 | छत्तीसगढ | 5,11,834 |
| 8 | दिल्ली | 2,92,624 |
| 9 | गोवा | 35,279 |
| 10 | गुजरात | 10,83,688 |
| 11 | हरियाणा | 4,16,896 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 52,013 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 2,00,632 |
| 14 | झारखंड | 6,15,918 |
| 15 | कर्नाटक | 18,00,398 |
| 16 | केरल | 5,54,202 |
| 17 | लद्दाख | 4,610 |
| 18 | लक्षद्वीप | 810 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 20,27,625 |
| 20 | महाराष्ट्र | 22,33,854 |
| 21 | मणिपुर | 38,958 |
| 22 | मेघालय | 8,536 |
| 23 | मिजोरम | 11,887 |
| 24 | नागालैंड | 20,522 |
| 25 | ओडिशा | 8,18,763 |
| 26 | पुडुचेरी | 33,994 |
| 27 | पंजाब | 4,03,402 |
| 28 | राजस्थान | 9,65,620 |
| 29 | सिक्किम | 9,023 |
| 30 | तमिलनाडु | 13,38,907 |
| 31 | तेलंगाना | 9,63,845 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 5,179 |
| 33 | त्रिपुरा | 1,73,205 |
| 34 | उत्तराखंड | 1,57,523 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 29,42,337 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 26,54,458 |
| **कुल** | | **2,38,91,587** |